मोरछड़ी लहराई श्याम की

ॐ.....ॐ.....
ॐ नमो श्री श्याम देवाय नमः
ॐ नमो श्री श्याम...
ॐ नमो श्री श्याम देवाय नमः
ॐ नमो श्री श्याम...
जब जब खाटूवाले के भगतों पे विपदा आई
जय हो...मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....
कलयुग में इस मोरछड़ी की साँची है सकलाई...जय हो...
मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....
जय जय श्याम श्याम श्याम...
जय जय श्याम श्याम श्याम...

श्याम बहादुर दर्शन को जब खाटू मंदिर आये थे
मंदिर के पट बंद पड़े,श्री श्याम से अरज लगाए थे,
ताले खुल गए मंदिर के,जब भगत ने टेर लगाईं...जय हो...
मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....
मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....

ॐ नमो श्री श्याम देवाय नमः
ॐ नमो श्री श्याम...

आलू सिंह जी के हाथों में देखी हमने ये मोरछड़ी
बदली किस्मत की रेखा जिसके सर पे है ये पड़ी,
मोरछड़ी की पांख-पांख में श्याम की है परछाई...जय हो..
मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....

लीले पे असवार रहे हर पल ये मेरा श्याम-धनि
भगतों के खातिर हाथों में थामे अपनी मोरछड़ी
जिसने भी विस्वास किया है,उसने किरपा पाई....जय हो...
मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....

ॐ नमो श्री श्याम देवाय नमः
ॐ नमो श्री श्याम...

श्याम बने जब मांझी तो ये मोरछड़ी पतवार बने
सौरभ मधुकर इक झाड़े से बिगड़ी हर इक बात बने
श्याम-धनि सरकार की किरपा मोरछड़ी में समाई...जय हो...
मोरछड़ी लहराई श्याम की....मोरछड़ी लहराई....

जय जय श्याम श्याम श्याम...
जय जय श्याम श्याम श्याम...
जय जय श्याम श्याम श्याम...

जय जय श्याम श्याम श्याम...

गीतकार एवं स्वर - सौरभ मधुकर
संपर्क - 09831258090

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1071/title/jab-jab-khatuwale-ke-bhagto-pe-vipda-aayi-morchhadi-lehraayi-shyam-ki-khatu-shyam-bhajan-with-hindi-lyrics-by-Saurbah-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |